# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| FINAL EXAMINATION 2023-24 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VIII | SUBJECT- HINDI (2ND LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date: 07.03.24 | SET: ONE | Time: 3 Hours |

*General Instructions:*

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of 21 questions divided into 4 Sections.*
3. *There is no overall choice but there are some internal choices.*
4. *This question paper consists of 4 printed pages.*

**(खंड-क)**

प्र 1 – निम्नलिखित गद्यांश को पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

पारिजात सफ़ेद फूलों वाला पेड़ है जिसे हरसिंगार भी कहा जाता है । पारिजात का कोई मुकाबला नहीं है । उसकी सुंदरता बेजोड़ है और उसका रंग-रूप निराला है । परिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता है । नीले आसमान में सिर उठाए शान से खड़ा रहता है, मानों पेड़ों का सरताज हो। जब वसंत ऋतु आती तो पारिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर पारिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हो। नन्हें फूलों से झिलमिलाता पारिजात सुगंध भरी पराग उपवन में बिखेर देता है । पारिजात चुंबक की तरह सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही परिजात की तरफ़ भागता। सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ, सहेलियों के साथ झुंड बनाकर पारिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों से खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जाती। पारिजात के पत्तों और फूलों में कई स्वास्थ्यवर्धक लाभ छिपे होते हैं । इसका इस्तेमाल कई प्रकार की आयुर्वेदिक दवाइयाँ बनाने और घरेलू उपचार के रूप में किया जाता है ।

(i) पारिजात अपने आप को क्या समझता है?

(क) पेड़ों का सरताज (ख) पेड़ों का दास

(ग) ईश्वर (घ) भिखारी

(ii) वह अनगिनत फूलों से कब लद जाता है?

(क) ग्रीष्म ऋतु में (ख) पतझड़ में

(ग) वसंत ऋतु में (घ) शीत ऋतु में

(iii) तितलियाँ क्या करती हैं?
(क) फूलों का पराग ले जाती हैं (ख) फूल ले जाती हैं
(ग) डालों पर बैठकर आराम करती हैं (घ) पत्ते ले जाती हैं

(iv) पारिजात के फूल कब खिलते हैं ?

(क) दिन में (ख) रात में (ग) प्रातःकाल में (घ) कभी नहीं

(v) पारिजात फूलों का रंग है -
(क) नीला (ख) पीला
(ग) लाल (घ) सफ़ेद

**(खंड ख)**

प्र.2.(i) वर्ण-विच्छेद करें---- माध्यमिक 1
(ii) निम्नलिखित वर्ण समूह से शब्द बनाएँ- 1
प् + र् + अ + श् + इ + क् + ष् + अ + ण् + अ
प्र.3. किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए –(i) अहंकार, (ii)सवेरा, (iii)पथिक 2
प्र.4.किन्हीं **दो** शब्दों के विलोम लिखिए – (i)पक्ष, (ii)उचित, (iii)प्राचीन 2
प्र.5.उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करके लिखिए: (i)आनद, (ii) सस्कृत 2
प्र.6.उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके लिखिए: (i)ऊचाई, (ii)नदिया 2
प्र.7.- i) संधि करें – (क)महा + ऋषि, (ख)सूर्य + उदय 1
ii) संधि विच्छेद करें- (क)शुभेच्छा, (ख) सर्वोत्तम 1
प्र.8. उचित विराम चिह्न लगाइए : 2
पत्नी ने पूछा सप्ताह से आपका तात्पर्य सात दिन से है या सात वर्ष से
प्र.9. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके दुबारा लिखिए : 2
i)मोहन स्कूल से वापस लौट आया l
ii)आकाश पर चिड़िया उड़ रही थी ।
प्र.10– **किन्हीं दो** मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए- 2
i) आग में घी डालना ii) सिर धुनना iii) कलेजा ठंडा होना
प्र.11.(हि ‘वि’ उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए । 1
(ii) उपसर्ग और मूलशब्द अलग कीजिए- (क) बेइज़्ज़त, (ख) सुकर्म 1

प्र.12. (i) मूल शब्द व प्रत्यय अलग करके लिखिए: (क) लालिमा, (ख) कहानीकार 1

(ii) 'पा'-प्रत्यय लगाकर दो शब्द लिखिए। 1

प्र.13.निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए। 2

(i)कम बोलनेवाला, (ii)अपने देश से प्यार करने वाला, (iii)जो कभी न मरे

प्र.14. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** शब्दों के भिन्न-भिन्न अर्थ लिखिए- 2

(i)अंबर (ii)तीर (iii)आम

**(खण्ड –ग)**

प्र.15.दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं दस** के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | 10x1=10

(i) बदलू लेखक को क्या कहकर पुकारता था?

(ii) कवि साधु से क्या न पूछने की सलाह देता है?

(iii) एकाएक बस क्यों रुकी थी?

(iv) सुदामा की पत्नी ने श्रीकृष्ण को भेंट स्वरूप क्या भेजा था?

(v) सुदामा के पाँवों में क्या लगे थे?

(vi) बाज को किस से शिकायत नहीं थी ?

(vii) साँप कहाँ रहता था ?

(viii) 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता किसने लिखी है ?

(ix) 'गंतव्य' शब्द का क्या अर्थ है ?

(x) बादशाह हुमायूँ किससे पराजित होकर मारा-मारा फिर रहा था ?

(xi) अकबर ने ब्राह्मण को कितने लोटे दिए?

(xii) मेजर डगलस ने जहाँगीरी अंडा कहाँ से खरीदा था?

प्र.16. दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए | 5x2=10

(i) कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं। पढ़े हुए दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ii) "मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था।"लेखक पेड़ों को दुश्मन क्यों समझ रहा था?

(iii) लाला झाऊलाल के बारे में आप क्या जानते हैं?

(iv) घायल बाज को देखकर साँप खुश क्यों हुआ होगा?

(v) बूढ़ी नानी सदियों से कहानियाँ क्यों सुनाया करती होगी ?

(vi) "चोरी की बान में हौ जू प्रवीने।"- 'सुदामा चरित' के आधार पर इस कथन की पृष्ठभूमि स्पष्ट कीजिए।

(vii) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

प्र.17. दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए | 3x3=9

(i) 'यह सबसे कठिन समय नहीं'- कविता का मूल उद्देश्य क्या है ?

(ii) बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था ? स्पष्ट कीजिए ।

(iii) बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था?

(iv) कबीर की साखियाँ हमें क्या संदेश देती हैं?

**(खंड घ)**

प्र.18.निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 5

(i) हवाई जहाज़ की यात्रा

(ii) प्राकृतिक आपदा

(iii) समय सब से बड़ा धन है

प्र.19. विद्यालय द्वारा आयोजित पिकनिक में भाग लेने की अनुमति माँगते हुए पिताजी को पत्र लिखिए । 5

अथवा

अपनी किसी गलती के लिए माफ़ी माँगते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

प्र.20.निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर विज्ञापन तैयार कीजिए - 5

(i) 'चेतक' साइकिल

(ii) 'रचना' पेंसिल 5

प्र.21. दादी और पोते के बीच घर का भोजन खाने से होने वाले लाभ के बारे में हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

अथवा

ओमान में हाल ही में हुई वर्षा और उसके दुष्प्रभाव के बारे में दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

**********************